**Dabang Dunia, (DD-2), 09th February 2020, Page- 8**

इंदौर, रविवार, 9 फरवरी 2020
दबंग दुनिया2
जिंदादिल शहर का सबसे ताज़ा अखबार






## रक्षा और तेजल को मिला कैंपस प्रिंसेस का खिताब

**इंदौर।** आईआईटी इंदौर में आयोजित चार दिवसीय तकनीकी-सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फ्लक्सस' का शनिवार को दूसरा दिन था, जिसमें कैंपस प्रिंसेस कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया, इसमें प्रतिभागियों ने ब्लैक ड्रेस में रैंपवॉक की। जिसमें रक्षा सोनी और तेजल पाटील के नाम कैंपस प्रिंसेस का खिताब रहा। इस रैंपवॉक का आयोजन मिस इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कराया गया था। कार्यक्रम में निर्णायक मिस दीवा सुप्रानेशनल अदिति हुंडिया थीं। प्रतियोगिता में चुनी गई विजेता आगे परफॉर्मेंस देंगी। इसी के साथ कैंपस में रोबोवर्स का फाइनल भी हुआ, जिसमें विनर ब्लैंका बोर्ड टीम रही। वहीं कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें नुक्कड़ नाटक, मोनो एक्ट और संगीत प्रदर्शन शामिल थे। वर्ड ऑफ विज्डम की सीरीज में अक्षय पात्र फाउंडेशन और डॉ. राजश्री बोथला ने बातचीत की।